# आये श्याम धणी सरकार | By Manu Shukla

आये श्याम धणी सरकार लीले पे असवार री
झूमो नाचो मंगल गाओ जय बोलो घनश्याम की
बाजे बाजे ढोल मंजीरा और मुरली की तान री
झूमो नाचो मंगल गाओ जय बोलो घनश्याम की

आया है जन्मदिन बाबा मेरे श्याम का
हारे का सहारा है वो माँ का प्यारा लाडला
धरती अम्बर चाँद सितारे मिलके रंग बरसाओ री
झूमो नाचो मंगल गाओ जय बोलो घनश्याम की

सज धज बैठ्यो बाबा अलग है शान री
आओ भक्तों आओ मिलके नज़र उतारो री
इनके घूंघर वाले बाल मूंछो पर ये ताव री
कजरारे इनके नैना पे बलिहारी जाऊं री

मीठे मीठे भजना से बाबा को रिझाऊंगी
खिचड़ा का भोग बनाके हाथों से खिलाऊंगी
मन्नू आस ये लेके आई बाबा विपदा तारो जी
झूमो नाचो मंगल गाओ जय बोलो घनश्याम की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-manu-shukla/